पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस पर स्टीकर (झण्डा) लगाया

लखनऊ 7 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना दिवस पर संस्था के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डाॅ० अवध नरेश शर्मा एवं प्रदेश सचिव श्रीमती कुसुम मनराल ने स्टीकर (झण्डा) लगाया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अंशदान देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा नये छात्रों को भारत स्काउट एवं गाइड से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, सेवा भाव और परोपकार को बढ़ाने में भारत स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उल्लेखीनय है कि 1950 में आज के ही दिन उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड का नाम रखा गया था। प्रतिवर्ष आज के दिन संस्था द्वारा भारत के गणमान्य व्यक्तियों को स्टीकर (झण्डा) लगाया जाता है।